तस्करी | नेशनल हाईवे-30 पर नाकेबंदी कर बिछिया पुलिस ने दबोचा अवैध शराब का जखीरा, गाड़ी सहित 5 .48 लाख का मशरूका बरामद

# बोलेरो से ढुल रही अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**भुआबिछिया, नवभारत।** मंडला जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के निर्देशन और एसडीओपी सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बिछिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब के परिवहन का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 51 बीबी 1219 में अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब भरकर बिछिया से औरई की ओर ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए बिछिया पुलिस टीम ने तत्काल एक्शन लिया और नीरज ढाबा के सामने नेशनल हाईवे 30 बंजारी पर योजनाबद्ध तरीके से नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर में संदेहास्पद बोलेरो आती दिखाई दी, जिसे रोककर स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में उसकी विधिवत तलाशी ली गई।

### गाड़ी से बरामद हुई भारी मात्रा में शराब

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा मिला। कार्रवाई के दौरान वाहन से कुल 104.1 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसमें 300 क्वार्टर देशी मदिरा (प्लेन), 125 क्वार्टर गोवा अंग्रेजी शराब, 24 बोतल एवं 24 केन बियर 500 एमएल बरामद की गई। इस अवैध शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 48 हजार 555 रुपये आंकी गई है।

### उत्तर प्रदेश का एक आरोपी गिरफ्तार

शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान शेषनारायण शुक्ला पिता श्रीराम हर्ष शुक्ला, 23 वर्ष, निवासी भटरी, थाना राजापुर, जिला चित्रकूट, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा शराब परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। अवैध रूप से शराब का परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने 48,555 मूल्य की शराब और तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन अनुमानित कीमत 5 लाख को विधिवत जप्त कर लिया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 5 लाख 48 हजार 555 रुपये की संपत्ति अपने कब्जे में ली है। आरोपी के खिलाफ थाना बिछिया में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### कार्रवाई में इनका रहा सराहनीय योगदान

इस पूरी सफ़ल कार्रवाई में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया, राजेश यादव, शिव शंकर राजपूत, प्रधान आरक्षक योगेश सरोते, आरक्षक सुनीराम मरावी, भीकम सिंह एवं महेंद्र रहंगडाले की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।



# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

डिंडोरी और मंडला के दो शातिर चोर चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे, 9 लाख कीमत के वाहन बरामद

**मंडला।** जिला मुख्यालय की कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित मोटर साइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरोह के 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से अलग-अलग कंपनियों की 7 चोरी की मोटरसाइकिलें जप्त की गई हैं। जप्त किए गए कुल मशरूके की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी गई है।

बताया गया कि पुलिस टीम द्वारा संदेहास्पद स्थिति में घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लग्जरी मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। वाहन चोरी के इस संगठित नेटवर्क में शामिल गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कृष्णा सोनी पिता योगेश सोनी, 19 वर्ष, निवासी बिनेका तिराहा, मंडला है। इसके पास से पैशन प्लस बाइक बरामद हुई है। इसके साथ ही अमन नंदा पिता बैसाखी लाल नंदा, 22 वर्ष, निवासी ग्राम पंडरिया, थाना करंजिया, जिला डिंडोरी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से अन्य चोरी की गाड़ियां बरामद की गईं।

कोतवाली पुलिस ने दोनों शातिर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

वाहन चोर गिरोह को दबोचने की इस सफल कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक भुनेश्वर वामनकर, तारा जिक्राम, वंदना नाग, प्रधान आरक्षक अशोक मार्को, मोहन कुड़पे, आरक्षक प्रियांश, रमेश, मृदुल, मानसिंह, हनु मार्को, धर्मेन्द्र एवं धीरेंद्र टेकाम की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

# रेलवे स्टेशन की पार्किंग से चोरी हुई मोटरसाईकिल सहित 2 धराए

**नैनपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की गई कीमती मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। इसी के साथ पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को भी तामील कराने में सफलता पाई है। जानकारी अनुसार फरियादी आदिल खान पिता रहीमुद्दीन खान, 37 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 05, नैनपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते 08 अप्रैल की शाम से 11 मई के दोपहर के बीच, रेलवे स्टेशन नैनपुर स्थित मोटर साइकिल पार्किंग शेड से अज्ञात चोरों ने उनकी अपाचे मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 28 जेडबी 0225, कीमती लगभग 1 लाख 40 हजार रुपये की चोरी कर ली है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नैनपुर में बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने आदित्य पटैल और पारस रकसिया को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मिलकर उक्त मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई 1.40 लाख की अपाचे बाइक को देहवानी रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास से जप्त कर लिया। इसके साथ ही आरोपी आदित्य पटैल पिता राजेश पटैल, 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01, नैनपुर और पारस रकसिया पिता देवचंद रकसिया, 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06, नैनपुर को गिरफ्तार किया गया है।



**ऑपरेशन हेल्प हैंडलिंग के तहत स्थाई वारंटी गिरफ्तार-** इसी कड़ी में नैनपुर पुलिस ने ऑपरेशन हेल्प हैंडलिंग के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मंडला द्वारा जारी स्थाई वारंट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारंटी मोहित चंदेला पिता मिट्ठन लाल चंदेला, 28 वर्ष, निवासी ग्राम गोकुलथाना, थाना नैनपुर को नैनपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। इस पूरी कामयाबी और त्वरित कार्रवाई में नैनपुर थाना निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा, सउनि जगदीश सैयाम, आरक्षक अक्षय, आरक्षक ओमप्रकाश बघेल, आरक्षक नवीन मारूवंश एवं आरक्षक शैलेन्द्र मरकाम की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।



# घुटास में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**घुघरी।** स्थानीय कस्बा निवासी शैलू , गोलू एवं सोमेश राय की इलेक्ट्रॉनिक दुकान में बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में पूरी दुकान और उसमें रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा तुरंत पीड़ित परिवार के प्रतिष्ठान पहुंचे। उन्होंने राय परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की। विधायक ने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर उचित मुआवजे की मांग की, साथ ही पीड़ित परिवार को हरसंभव शासकीय और व्यक्तिगत सहायता देने का पूरा भरोसा दिलाया।

# घुघरी में विद्युत विभाग की लापरवाही हुई उजागर

भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से घुघरीवासी बेहाल, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**घुघरी, नवभारत।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान आसमान छू रहा है, वहीं घुघरी क्षेत्र में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामने आ रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या ने आम जनजीवन को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है।

ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विद्युत विभाग द्वारा आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जाती है, लेकिन इस मेंटेनेंस का धरातल पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सही तरीके से सुधार कार्य किया जाता, तो आए दिन बार-बार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती की नौबत ही नहीं आती।

**तिहरी मार झेल रही जनता-** बताया गया कि बिजली की इस आंख-मिचौली से स्थानीय दुकानदारों और कुटीर उद्योगों का काम पूरी तरह ठप पड़ गया है। बार-बार वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का डर बना रहता है। अघोषित कटौती के कारण समय पर पानी की मोटरें नहीं चल पा रही हैं, जिससे अब क्षेत्र में पीने के पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है। दिन तो जैसे-तैसे कट जाता है, लेकिन रात के समय होने वाली अघोषित कटौती के कारण बुजुर्गों, बीमारों और छोटे बच्चों का उमस में रो-रोकर बुरा हाल है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि घुघरी में बिजली की इस अव्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुधारा जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्बाध बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई, तो समस्त क्षेत्रवासी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# उदयपुर में धूमधाम से मनाई ईद-उल-अजहा

नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिले, नमाज में मांगी देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआ



**उदयपुर।** इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार ईद-उल-अजहा (बकराईद) क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। यह त्योहार पैगंबर हजरत इब्राहिम की अल्लाह के प्रति वफादारी और उनके द्वारा दिए गए महान बलिदान की याद में मनाया जाता है। बलिदान, त्याग और कुरबानी का संदेश देने वाले इस मुकद्दस मौके पर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखा गया।

सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग पारंपरिक और विशेष परिधानों में ईदगाह व मस्जिदों की ओर रवाना हुए। जहाँ आला मस्जिद के इमाम आबिद रजा के द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई। इमाम साहब ने खुतबा पढ़ा और मुल्क की तरक्की की दुआ की। नमाज मुकम्मल होने के बाद सभी अकीदतमंदों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान नमाजियों ने अपने देश, प्रदेश और जिले में सुख, समृद्धि, अमन और शांति के लिए विशेष दुआएं मांगी। इस अवसर पर उदयपुर में आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का एक सुंदर नजारा देखने को मिला, जब अन्य समाज के लोग और जनप्रतिनिधियों ने भी ईदगाह पहुँचकर मुस्लिम भाइयों को गले लगाया और ईद की ढेरों बधाई दी। नमाज के शांतिपूर्ण समापन के बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटे और पारंपरिक तौर पर कुरबानी की रस्म अदा की।

### ये रहे उपस्थित

इस मुकद्दस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा, जिनमें ग्राम सरपंच बलदेव परते, उपसरपंच जगदीश यादव, पटवारी वीरेन्द्र, इकबाल अहमद, अब्दुल गनी, अब्दुल करीम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद सब्बीर, शेख रमजान, मोहम्मद नौशाद, हैदर सिद्दीकी, मोहम्मद सबीर, मोहम्मद गुलाम, शेख मेहबूब सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# घाट से कचरा हटाकर श्रद्धालुओं को किया गया जागरूक

होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवानों ने माहिष्मती घाट पर किया श्रमदान

**मंडला।** गंगा दशहरा पर्व के दूसरे दिन भी माँ नर्मदा के घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की मुहिम जारी रही। कलेक्टर के विशेष आह्वान पर और जिला कमांडेंट नरेश साहू के कुशल निर्देशन में सुबह 7 बजे माहिष्मती घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पावन नर्मदा नदी के जल की स्वच्छता और पवित्रता को बनाए रखना है।

श्रमदान के दौरान होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवानों सहित पर्यावरण प्रेमियों ने घाट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में मोर्चा संभाला। टीम ने घाट पर चारों तरफ फैली पॉलिथीन, शैंपू के पाउच, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्रित कर परिसर से बाहर किया। सफाई के साथ वहां



उपस्थित आम जनता और स्नान करने आए श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। टीम ने लोगों से आत्मीय अपील की कि माँ नर्मदा के पवित्र जल में रासायनिक साबुन, शैंपू और पॉलिथीन का उपयोग बिल्कुल न करें। पूजा सामग्री और अन्य कचरा सीधे नदी में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

### सुरक्षा को लेकर की अपील

घाट पर स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से भी मुनादी की। उन्होंने घाट पर आए परिजनों और श्रृद्धालुओं से विशेष रूप से अपील की कि वे अपने छोटे बच्चों को अकेले या गहरे पानी की ओर बिल्कुल न जाने दें। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में अपने कीमती सामान की सुरक्षा के प्रति भी पूरी सावधानी बरतें।

### श्रमदान में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

माँ नर्मदा को स्वच्छ बनाने के इस पुनीत कार्य में अनेक प्रबुद्ध जनों और सुरक्षा बलों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्लाटून कमांडर प्रभात तिवारी, हेमराज परस्ते, हवलदार सुरेश बांसोड़ सहित एसडीईआरएफ और होमगार्ड के जांबाज जवान, पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य राजेश क्षत्री एवं राजेश दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे।




# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**मंडला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 26 मई को ग्राम हिरदेनगर में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक वाहन को जब्त किया गया।

कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर वाहन क्रमांक टी 053243471 एवं नीले रंग की ट्रॉली को खनिज विभाग की टीम ने जप्त किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उक्त वाहन अवैध रेत परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त पाया गया।

जप्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

आस्था | पुरुषोत्तम मास में मां नर्मदा की पंचकोशी यात्रा पर जगह-जगह हुआ बालभोग और शीतल जल का वितरण

# चिलचिलाती धूप में नंगे पैर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु

**मंडला।** अध्यात्म और अगाध आस्था की भूमि मंडला में इन दिनों पावन पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मां नर्मदा की पंचकोशी यात्रा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जा रही है।

इस यात्रा में भक्तों की ऐसी अद्भुत श्रद्धा देखने को मिल रही है, जिसके सामने भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की तपिश भी पूरी तरह फीकी साबित हो रही है।

### नंगे पैर परिक्रमा कर रहे भक्त मुकेश बने प्रेरणा स्रोत



पंचकोशी यात्रा के दौरान परिक्रमा पथ पर आस्था का एक ऐसा ही अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहां एक श्रद्धालु चिलचिलाती धूप और तपती जमीन पर पैरों में बिना कुछ पहने नंगे पैर ही निरंतर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे हैं। विगत कई वर्षों से मां नर्मदा की उत्तर वाहिनी परिक्रमा मुकेश ताम्रकार कर रहे है। मुकेश इस पुरुषोत्तम मास में भी वे पूरी निष्ठा के साथ पंचकोशी यात्रा की परिक्रमा करते हुए नजर आ रहे हैं। मां नर्मदा के प्रति उनकी यह अटूट श्रद्धा, भक्ति और अटूट विश्वास आज क्षेत्र के तमाम भक्तों और आम नागरिकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है। उपस्थित जनों ने उनकी इस निस्वार्थ साधना को कोटि-कोटि नमन किया। परिक्रमा कर रहे श्रृद्धालुओं का कहना है कि भक्ति के सामने अपने अहंकार और सांसारिक चिंताओं को ईश्वर के चरणों में पूरी तरह समर्पित कर देना ही सच्ची आस्था है, जिससे मन को असीम और अलौकिक शांति प्राप्त होती है।



पुण्य लाभ कमाने और सेवा भाव को चरितार्थ करने के उद्देश्य से परिक्रमा मार्ग में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। इस दौरान परिक्रमा में निकले सैकड़ों थके-हारे भक्तों को आदरपूर्वक रोककर बाल भोग, ठंडे व शीतल पेयजल सहित सीजन के ताजे फलों का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं की सेवा का यह सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार चलता रहा। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग नर्मदे हर के जयकारों से गूंजता रहा, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आनंदमयी हो गया।

# एनएचआरसी सदस्य प्रियंक कानूनगो आज आएंगे मंडला

निषादराज मंगल भवन में संवाद कार्यक्रम होगा आयोजित

**मंडला।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो 29 एवं 30 मई को मंडला जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री कानूनगो आज 29 मई को दोपहर 3 बजे मंडला पहुंचेंगे। यहां वे स्थानीय नागरिकों से समकालीन मानवाधिकार मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही जिले में मानवाधिकार एवं समावेशी विकास से जुड़े विषयों पर योजनाओं के क्रियान्वयन और जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा भी करेंगे। कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे से विभिन्न विभागों और संबंधित पक्षों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इसके बाद शाम 5:30 बजे नागरिकों से संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात्रि विश्राम मंडला में रहेगा। अगले दिन 30 मई को सुबह मंडला से निवास के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां खैरमाई मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों के साथ मानवाधिकार विषयों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद श्री कानूनगो अमरकंटक के लिए रवाना होंगे।



मध्यप्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति जिला मंडला के तत्वाधान में आज एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

समिति के प्रदेश प्रवक्ता पुहुपसिंह भारत ने बताया कि श्री कानूनगो इस दौरान जिलेभर से आए वंशानुगत माझी ढीमर समाज के लोगों का मार्गदर्शन करेंगे और उनकी सामाजिक समस्याओं को सुनेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी लाल नंदा, अशोक नाविक और रमेश नंदा ने सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।